अमौसी-सरोजनीनगर औद्योगिक क्षेत्र के दिन बहुरने की जगी उम्मीद

माई सिटी रिपोर्टर

लखनऊ। तालकटोरा औद्योगिक क्षेत्र के बाद अब अमौसी-सरोजनीनगर समेत अन्य औद्योगिक क्षेत्रों के दिन बहुरने की भी उम्मीद जगी है। तालकटोरा इलाके में बृहस्पतिवार को काम शुरू होने के बाद शुक्रवार को संयुक्त आयुक्त उद्योग ने अन्य औद्योगिक इकाइयों में जलभराव की समस्या के निराकरण के लिए इससे संबंधित सर्वे रिपोर्ट मांगी है।

पत्र के माध्यम से संबंधित विभागों से सर्वे रिपोर्ट मांगी गई है। दरअसल, मंडलीय उद्योग बंधु की जनवरी में हुई बैठक में मंडलायुक्त डॉ. रोशन जैकब ने औद्योगिक क्षेत्र अमौसी, सरोजनीनगर और बंथरा में जलभराव की समस्या को लेकर सर्वे करने का आदेश दिया था। तीन जनवरी को हुई बैठक में अपर जिलाधिकारी लखनऊ की अध्यक्षता में एनएचएआई, यूपी सीडा, जल निगम, नगर निगम व औद्योगिक संगठनों और लोक निर्माण विभाग को संयुक्त निरीक्षण कर रिपोर्ट तैयार करने को कहा गया था। संयुक्त उपायुक्त उद्योग की ओर से जारी पत्र में कहा गया है कि लखनऊ मंडल की बैठक जल्द ही प्रस्तावित है। इससे पहले सर्वे रिपोर्ट प्रस्तुत करें।

2008 से जारी है संघर्ष, अदालत से अब आस

अमर उजाला इंपैक्ट

संयुक्त आयुक्त उद्योग ने मांगी जलभराव की समस्या से संबंधित सर्वे रिपोर्ट

अमर उजाला लगातार उठा रहा मुद्दे, अधिकारियों के सामने रख रहा समस्या

शहर के प्रमुख औद्योगिक क्षेत्रों की समस्या को अमर उजाला लगातार सामने ला रहा है। अमौसी इंडस्ट्रियल एरिया की बदहाली को भी खबरों के माध्यम से जिम्मेदारों के संज्ञान में लाने की लगातार कोशिश जारी है। यह एक सकारात्मक संकेत है कि मुद्दे उठे तो विभाग भी सक्रिय होने लगे हैं।